>

Title: Need to include Giridih district of Jharkhand under Naxalite affected district.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय : धन्यवाद, उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे एक मिनट का समय दिया है। झारखण्ड राज्य के अंतर्गत गिरिडीह जिला है। यह आप भी जानते हैं कि वहां झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री के पुत्र की उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। एक-साथ बीस लोगों की जघन्य हत्या की गई। आज पूरा गिरिडीह जिला उग्रवाद से पीड़ित है। भारत सरकार के द्वारा उसको उग्रवाद प्रभावित जिलों में सम्मिलित नहीं किया गया है। यह कितने बड़े ताज्जुब की बात है। भारत सरकार की लाभ की जो योजना है जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जिसमें दो सौ की आबादी पर सड़क बननी है, वहां वह फण्ड नहीं जा रहा है। बीआरजीएफ का फण्ड भी नहीं जा रहा है। वहां का विकास अवरूद्ध हो गया है। आज से साल भर पहले हमने गृहमंत्री को भी पत्र लिखा था। उनका जवाब आया कि मामले को दिखवा रहा हूँ। आपके माध्यम से हम यह आग्रह करना चाहते हैं कि गिरिडीह जिले को उग्रवाद प्रभावित जिला घोषित किया जाए और भारत सरकार की योजना का लाभ वहां मिले।